दिनांक 03 दिसंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भिलाई सुंदर भिलाई

आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी द्वारा एसएलआरएम केंद्रों का किया गया औचक निरीक्षण

आयुक्त श्री रघुवंशी द्वारा नेहरू नगर , पीली मिट्टी चौक के समीप , आईटीआई खुर्सीपार के समीप तथा रूआबांधा तालाब के समीप स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण आज प्रातः 6:00 बजे से किया गया! सूखा कचरा गीला कचरा लाने वाले रिक्शा में यह देखा गया की सही तरीके से सूखे कचरे के डिब्बे में सुखा कचरा लाया जा रहा है तथा गीले कचरे के डिब्बे में गीले कचरा लाया जा रहा है अथवा नहीं! आयुक्त महोदय ने डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने वाले रिक्शा चालक से कहा कि जहां भी कचरा संग्रहण करने जाएं उन स्थलों में भी उन्हें सुखा कचरा अलग कर व गीला कचरा अलग करके देने के लिए आग्रह करें ताकि एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरा पूर्व से पृथक होकर आए और उसमें से सूखे कचरे को उनके वस्तु के आधार पर पृथक किया जा सके एवं गीले कचरे से खाद तैयार करने की प्रक्रिया की जा सके! निगम आयुक्त ने नेहरू नगर स्थित एसएलआरएम सेंटर में सूखे कचरे को एकत्रित करने के लिए डिब्बे अवलोकन किया तथा उपस्थित जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 अमिताभ शर्मा व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को निर्देशित करते हुए कहा कि डिब्बा में सूखे कचरे को उनके वस्तु के आधार पर जैसे कांच, प्लास्टिक, रबर, कागज, लोहे आदि को पृथक-पृथक रखा जाए! वार्ड क्रमांक 4 राधिका नगर पीली मिट्टी एसएलआरएम सेंटर के निरीक्षण के दौरान होम लाल साहू द्वारा खुले में मूत्र तथा गंदगी फैलाएं जाने पर 500 का अर्थदंड लेकर समझाइश दी गई!आयुक्त महोदय ने एसएलआरएम सेंटर का बारीकी से निरीक्षण किया उन्होंने बेलिंग मशीन की पूरी प्रक्रिया देखी यह मशीन बिखरे हुए

जनसंपर्क अधिकारी